मेट्रो 3 के पहले 4 डब्बे मुंबई पहुंचे

मुंबई (यशोडेस्क), कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो-3 इस संपूर्ण भूमिगत मेट्रो मार्ग के लिए ट्रेन के पहले चार डिब्बे मंगलवार सुबह मुंबई में प्रवेश कर गए। ये डिब्बे चार विशेष ट्रेलरों पर आंध्र प्रदेश के श्रीसिटी से 1400 किमी की दूरी को पार कर 13 दिनों में मुंबई शहर पहुंचे हैं। इन कोचों का उपयोग मेट्रो ट्रैक पर परीक्षण के लिए किया जाएगा। मेट्रो 3 के चार और डिब्बे जल्द ही मुंबई पहुंचेंगे। 42 टन वजन के प्रत्येक डिब्बे को एक विशेष प्रकार के ट्रेलर पर लाया गया था। इन 8-एक्सल ट्रेलरों में 64 पहिए हैं। अब इन डिब्बों का मिलान कर एक ट्रेन को सारिपुत नगर में अस्थायी सुविधा के जरिए रखा जाएगा। यहां एक परीक्षण ट्रैक भी उपलब्ध है।